तापमान

अधिकतम 24 डिग्री

न्यूनतम 20 डिग्री

हरिभूमि

कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार 31 अक्टूबर 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

3 बाबा कार्तिक उरांव ने जनजातीय समाज को अपनी परंपराओं, संस्कृति और मूल पहचान के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया : साय



खबर संक्षेप

आंगनबाड़ी केंद्रों में स्वच्छता अभियान

बैकुण्ठपुर। संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार स्पेशल कैंपेन 6.0 की थीम के अंतर्गत 30 अक्टूबर 2026 को जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय में मिशन शक्ति टीम द्वारा स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के तहत जिला कार्यालय, जिला बाल संरक्षण इकाई, चाइल्ड हेल्पलाइन, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, सखी वन स्टॉप सेंटर तथा जिले के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में स्वच्छता गतिविधियां आयोजित की गईं। इस अभियान का उद्देश्य स्वच्छता को बढ़ावा देना, शासकीय कार्यालयों एवं कार्यस्थलों को स्वच्छ और पर्यावरण के अनुकूल बनाना, लंबित मामलों का निपटारा करना, ई-कचरा प्रबंधन तथा स्थान एवं अभिलेखों का व्यवस्थित प्रबंधन सुनिश्चित करना है। इस पहल के माध्यम से शासकीय कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, जवाबदेही और कार्यक्षमता को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया।

आवेदन की अंतिम तिथि अब 2 तक

मनेन्द्रगढ़। छग शासन के समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजन राज्य स्तरीय पुरस्कार वर्ष 2026 के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 2 नवंबर कर दी गई है। प्रतिवर्ष 3 दिसंबर को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर दिव्यांगजनों के कल्याण, पुनर्वास, रोजगार एवं सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों, संस्थाओं तथा जिलों को राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। समाज कल्याण विभाग द्वारा दृष्टिहीन, श्रवण निःशक्त, अस्थि बाधित तथा प्रमस्तिष्क अंगघात एवं बहु विकलांग श्रेणियों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा। इसके अंतर्गत सर्वोत्तम दिव्यांग कर्मचारी, दिव्यांगजनों को लाभप्रद रोजगार एवं बाधारहित कार्यस्थल उपलब्ध कराने वाले सर्वोत्तम नियोक्ता, दिव्यांगता के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत सर्वोत्तम स्वैच्छिक संस्था तथा दिव्यांगजनों के पुनर्वास, बाधारहित भवन निर्माण एवं शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सर्वोत्तम जिले को सम्मानित किया जाएगा।

शराबी ई रिक्शा चालक पर 10 रूपए का जुर्माना

अंबिकापुर। शराब पीकर वाहन चलाने के मामले में कार्रवाई की गई है। पुलिस की कार्रवाई के बाद कोर्ट ने ईरिक्शा चालक पर दस हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया है। बता दें कि सडक दुर्घटनाओ मे कमी लाने की दिशा मे पुलिस टीम द्वारा यातायात नियमो के अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही हैं। इसी क्रम मे यातायात शाखा पुलिस टीम द्वारा दौरान चेकिंग ई रिक्शा क्रमांक सीजी 15 ईके 3063 के वाहन चालक बौरीपारा निवासी 42 वर्षीय सुधीर दुबे आ. सुरेश दुबे को रोककर जांच की तो वह शराब पीकर वाहन चलाते हुए पाया गया। ब्रेथ ऐनालाइजर से चेक करने पर चालक द्वारा शराब पीने और नशे में धुत होने की पुष्टि हुई जिसके बाद मामले में एमवी एक्ट की धारा 185 के तहत प्ररकण तैयार कर मामला न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। न्यायालय द्वारा उपरोक्त प्रकरण मे वाहन चालक को 10 हजार रूपए के अर्थदंड से दण्डित किया गया हैं। कार्रवाई में यातायात शाखा प्रभारी विजय केवर्त समेत अन्य अधिकारी कर्मचारी सक्रिय रहे।

मेडिकल वार्ड से भागा मरीज, परिजन परेशान

अम्बिकापुर। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के मेडिकल वार्ड में भर्ती एक मरीज वार्ड से फरार हो गया। इधर वार्ड में मरीज के नहीं होने पर परिजन काफी परेशान हो गए। परिजन ने काफी खोजबीन की लेकिन मरीज का पता नहीं तो घटना की सूचना अस्पताल के पुलिस को दी है। बताया जा रहा है कि मरीज की मानसिक हालत ठीक नहीं था। जानकारी के अनुसार मैयाथान अंतर्गत कुदरगढ़ भवरखोह निवासी दिनेश कुमार आ. स्व. जयकरण (35 वर्ष) बुधवार को तबीयत ज्यादा खराब हो जाने पर परिजन युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। युवक के पूर्व में एक्सीडेंट होने तथा मानसिक हालत ठीक नहीं होने पर मेडिकल वार्ड स्थित बेड में बांध कर उपचार किया जा रहा था। आज सुबह जब परिजन वार्ड के बाहर गए थे तभी युवक रस्सी को तोड़ वार्ड से फरार हो गया। परिजन मरीज को बेड पर नहीं देख खोजबीन की लेकिन मरीज का कहीं पता नहीं चला। परिजन ने मरीज के नहीं मिलने पर घटना की सूचना अस्पताल के पुलिस कर्मियों को दी। पुलिस द्वारा मरीज की तलाश शुरू कर दी है।

व्यापारियों ने निकाली बाइक रैली, चरचा-कटगोड़ी सड़क निर्माण की है मांग

सड़क निर्माण की मांग को लेकर चरचा बंद, नपा चुनाव के बहिष्कार का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

कोरिया जिले के नगर पालिका शिवपुर-चरचा क्षेत्र में लंबे समय से लंबित चरचा-कटगोड़ी सड़क निर्माण का मुद्दा एक बार फिर गरमा गया है। सड़क निर्माण की मांग को लेकर स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों का आक्रोश अब खुलकर सामने आने लगा है। वर्षों से सड़क निर्माण की बाट जोह रहे क्षेत्रवासियों ने शुक्रवार को एकजुट होकर चरचा बंद का आह्वान किया।

इस दौरान समस्त व्यापारियों ने अपनी-अपनी प्रतिष्ठानें बंद रखकर विरोध प्रदर्शन में सहभागिता निभाई। वहीं चरचा बचाव मंच एवं व्यापारी संघ के नेतृत्व में सैकड़ों बाइक रैली निकालकर शासन-प्रशासन का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकर्षित कराया गया। इस विरोध प्रदर्शन के दौरान पहले सड़क, फिर वोट का नारा प्रमुखता से गूंजता रहा। चरचा बचाव मंच द्वारा जारी पोस्टर के माध्यम से पहले ही स्पष्ट संदेश दिया गया कि जब तक चरचा-कटगोड़ी सड़क निर्माण की मांग पूरी नहीं होती, तब तक आगामी दिसंबर माह में होने वाले नगर पालिका चुनाव में भागीदारी को लेकर विरोध जारी रहेगा। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि चुनाव के समय जनप्रतिनिधियों और प्रत्याशियों द्वारा विकास के बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं, लेकिन क्षेत्र की वर्षों पुरानी बुनियादी समस्या आज भी जस की तस बनी हुई है। शुक्रवार को निकाली गई बाइक रैली में सैकड़ों की संख्या में व्यापारी, युवा एवं आम नागरिक शामिल हुए। रैली की शुरूआत चरचा के राजीव गांधी चौक से हुई, जो टीना दफाई, मुख्य मार्ग, सुभाष नगर झोपड़ी दफाई एवं रुपनगर गौरवपथ होते हुए चरचा-कटगोड़ी बंद पड़े मार्ग तक पहुंची। इस दौरान जगह-जगह लोगों ने सड़क निर्माण की मांग को लेकर अपना समर्थन जताया। रैली के समापन अवसर पर चरचा-कटगोड़ी मार्ग सहित अन्य जगहों पर नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया, जिसमें वक्ताओं ने सड़क की बदहाल स्थिति, क्षेत्र के विकास में आ रही बाधाओं और भविष्य की चुनौतियों को लेकर अपनी बात रखी। चरचा-कटगोड़ी सड़क निर्माण का मामला आज का नहीं, बल्कि करीब दो दशक पुराना बताया जा रहा है।

स्थानीय स्तर पर मिली जानकारी के अनुसार, लगभग 20 वर्ष पूर्व इस सड़क के निर्माण की पहल शुरू की गई थी, लेकिन वन विभाग की ओर से रोक लगाए जाने के बाद निर्माण कार्य आगे नहीं बढ़ सका। इसके बाद से ही सड़क निर्माण का मामला विभिन्न स्तरों पर लंबित बना हुआ है। चरचा बचाव मंच एवं स्थानीय व्यापारियों का आरोप है कि राजनीतिक दबाव, विभागीय अड़चनों और लगातार अनदेखी के कारण आज तक इस महत्वपूर्ण सड़क का निर्माण धरातल पर नहीं उतर पाया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि चरचा-कटगोड़ी मार्ग केवल एक सड़क नहीं, बल्कि क्षेत्र के आवागमन, व्यापार, रोजगार और समग्र विकास से जुड़ा महत्वपूर्ण माध्यम है। सड़क निर्माण नहीं होने के कारण क्षेत्रवासियों को लंबे समय से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



सड़क निर्माण पर पार्टियां स्पष्ट करें अपनी नीति

मंच का कहना है कि चुनाव के दौरान वोट मांगने आने वाले सभी राजनीतिक दलों के नेताओं एवं प्रत्याशियों को पहले चरचा-कटगोड़ी सड़क निर्माण को लेकर अपनी स्पष्ट स्थिति बतानी होगी। केवल आश्वासन और वादों से अब क्षेत्रवासी संतुष्ट नहीं होंगे। प्रत्याशियों को यह स्पष्ट करना होगा कि सड़क निर्माण कब तक शुरू होगा और इसे पूरा करने के लिए क्या ठोस कार्ययोजना है। मंच ने चेतावनी दी है कि यदि सड़क निर्माण को लेकर कोई ठोस पहल नहीं होती है, तो क्षेत्र के व्यापारी एवं नागरिक एकजुट होकर आगामी नगर पालिका चुनाव का बहिष्कार करने का निर्णय ले सकते हैं। मंच का कहना है कि सड़क निर्माण की मांग पूरी होने और उसकी स्पष्ट समय-सीमा सामने आने के बाद ही चुनाव में भागीदारी को लेकर आगे निर्णय लिया जाएगा। शुक्रवार को चरचा बंद और बाइक रैली के माध्यम से क्षेत्रवासियों ने एकजुटता का परिचय देते हुए शासन-प्रशासन, जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित विभागों तक अपनी आवाज पहुंचाने का प्रयास किया।



तीसरे दिन दिनभर छाए रहे बादल रुक-रुक कर होती रही बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

चक्रवाती तूफान अर्नब का असर तीसरे दिन भी मनेन्द्रगढ़ और आसपास के क्षेत्रों में देखने को मिला। बुधवार शाम से शुरू हुआ बारिश का सिलसिला शुक्रवार को भी पूरी तरह थम नहीं सका। जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ समेत आसपास के ग्रामीण एवं कस्बाई इलाकों में दिनभर रुक-रुककर बारिश होती रही। लगातार बदले मौसम के कारण जनजीवन की रफ्तार प्रभावित हुई और ठंड का असर भी अचानक बढ़ गया।

सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे। बीच-बीच में बारिश होने से सड़कों पर आवाजाही कम दिखाई दी। लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकले। बारिश और ठंडी हवाओं के कारण मौसम में ठंडक बढ़ गई, जिससे लोगों को गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ा। दोपहर के समय भी मौसम में गर्माहट महसूस नहीं हुई और शाम होते-होते ठंड का असर और बढ़ गया। लगातार तीसरे दिन खराब मौसम का सीधा असर कारोबार पर भी पड़ा। मनेन्द्रगढ़ के प्रमुख बाजारों में सामान्य दिनों की अपेक्षा लोगों की आवाजाही काफी कम रही। दुकानदार ग्राहकों के इंतजार में बैठे नजर आए। बारिश के कारण सड़क किनारे लगने वाली छोटी दुकानें और ठेला व्यवसाय भी प्रभावित हुए। सब्जी, फल, चाय-नाश्ता सहित दैनिक जरूरत के सामान का कारोबार करने वाले छोटे व्यापारियों को भी मौसम की मार झेलनी पड़ी। व्यापारियों का कहना है कि लगातार बारिश के कारण बाजार में ग्राहकों की संख्या घट गई है। दीपावली के बाद बाजार में जिस तरह की चहल-पहल की उम्मीद थी, उस पर खराब मौसम का असर पड़ा है। कई दुकानों में दिनभर ग्राहक कम पहुंचे, जिससे कारोबार प्रभावित रहा। बारिश के कारण शहर और आसपास के क्षेत्रों में आवागमन की रफ्तार भी धीमी रही। दोपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ा। जगह-जगह सड़कें गीली होने और बारिश के कारण लोगों ने अनावश्यक यात्रा से बचना ही बेहतर समझा। ग्रामीण क्षेत्रों से जिला मुख्यालय आने वाले लोगों की संख्या में भी कमी देखी गई। लगातार बारिश के साथ तापमान में गिरावट से ठंड का एहसास बढ़ गया है।

महंगाई भत्ता और राहत में 2 प्रतिशत की वृद्धि

बैकुण्ठपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दीपावली के पावन पर्व से पहले प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों और पेंशनरों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

राज्य सरकार ने शासकीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते और पेंशनरों की महंगाई राहत में 2 प्रतिशत की वृद्धि करने का निर्णय लिया है। इसके तहत आगामी 1 नवंबर 2026 से महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत की दर 58 प्रतिशत से बढ़कर 60 प्रतिशत हो जाएगी। इस निर्णय से प्रदेश के लगभग 3 लाख 85 हजार शासकीय कर्मचारियों और 1 लाख 50 हजार पेंशनरों को लाभ मिलेगा। महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत में वृद्धि से राज्य सरकार पर लगभग 36 करोड़ रुपए प्रतिमाह तथा 432 करोड़ रुपए का अतिरिक्त वार्षिक वित्तीय भार आएगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि हमारी सरकार शासकीय कर्मचारियों और पेंशनरों के हितों के प्रति संवेदनशील है। दीपावली से पहले लिया गया यह निर्णय उन्हें आर्थिक राहत प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि दीपावली से पहले लिया गया यह निर्णय शासकीय कर्मचारियों और पेंशनरों को आर्थिक राहत प्रदान करने के साथ ही उनके परिवारों में त्योहार की खुशियों और उल्लास को बढ़ाएगा।

आशाराम बापू की किताब बांटने पर हटाए गए प्राचार्य

अंबिकापुर। विद्यालय में बच्चों को आशाराम बापू की किताब बांटने के मामले में जिला शिक्षा अधिकारी ने प्राचार्य को पद से हटा दिया है। उन्हें संयुक्त जिला कार्यालय शिक्षा शाखा में पदस्थ किया गया है। बता दें कि बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर विकासखंड अंतर्गत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय रघुनाथनगर के प्रभारी प्राचार्य महेश कुमार प्रजापति द्वारा 27 अक्टूबर को अपने स्कूल के बच्चों को आशा राम बापू के किताब का वितरण किया गया। प्राचार्य ने बच्चों को संस्कार सरिता नाम की किताब बांटी। किताब मूल रूप से आशाराम बापू पर आधारित है और किताब में सिर्फ और सिर्फ आशाराम का ही महिमा मंडन किया गया है। पाठ्यक्रम से विपरीत जेल में बंद अपराधी की किताब बांटे जाने का अभिभावकों ने विरोध जताते हुए कार्रवाई की मांग की थी। इस मामले में जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र निरापुरे जांच के निर्देश दिए थे।

राज्यपाल के हाथों हुए सम्मानित शैलेन्द्र

बैकुण्ठपुर। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छग के तत्वावधान में 29 अक्टूबर को लोकभवन छग, रायपुर में आयोजित राज्य पुरस्कार प्रमाण पत्र वितरण एवं अलंकरण समारोह में कोरिया जिले को दोहरी गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई।

- जिले के 20 स्काउट्स-गाइड्स को प्राप्त हुआ राज्य पुरस्कार

स्काउटिंग के क्षेत्र में तीन दशकों से निरंतर समर्पित सेवा देने वाले राज्य मुख्यालय आयुक्त स्काउट शैलेन्द्र कुमार मिश्रा को दीर्घकालीन सेवा अलंकरण से सम्मानित किया गया। वहीं जिले के 20 स्काउट्स - गाइड्स को राज्य पुरस्कार प्रदान किया गया। समारोह में राज्यपाल रमेन डेका मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अध्यक्षता शिक्षा मंत्री एवं अध्यक्ष भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ गजेंद्र यादव ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के माननीय राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा, शिक्षा सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह तथा राज्यपाल के सचिव डॉ. सी. आर. प्रसन्ना उपस्थित रहे। समारोह का विशेष आकर्षण कोरिया जिले के ए.एल.टी. (कब), भारत स्काउट्स एवं गाइड्स मुख्यालय आयुक्त स्काउट शैलेन्द्र कुमार मिश्रा का सम्मान रहा। समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट जितेन्द्र कुमार गुप्ता के आदेशानुसार, जिला संगठन आयुक्त स्काउट नागेश्वर साहू के नेतृत्व में जिला प्रभारी धनमत पड़ौती जिला ट्रेनिंग काउंसलर के साथ स्काउट अंश कुमार, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चित्ताझोर पोड़ी तथा गाइड साक्षी साहू, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरदिया ने समारोह में सहभागिता कर जिले का प्रतिनिधित्व कर कोरिया जिले के सत्र 2025-26 के कुल 20 स्काउट्स गाइड्स का राज्य पुरस्कार राज्यपाल महामहिम रमेन डेका के करकमलों से सम्मान प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया।



लापरवाही पर 7 मैदानी कर्मचारियों को नोटिस

बैकुण्ठपुर। सभी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए जरूरी है कि सभी ग्राम पंचायत में कार्यरत पूरी टीम आपसी समन्वय बनाकर पूरे टीमवर्क से अपने दायित्वों का गंभीरता से निवर्हन करे।

- समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए टीम वर्क जरूरी

आम नागरिकों का जीवन सुलभ बनाने के लिए सभी योजनाएं संचालित की जा रही हैं और इसका वास्तविक लाभ दिलाने में ग्राम पंचायत की अहम भूमिका है। उक्ताशय के विचार व्यक्त करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी योगेन्द्र श्रीवास ने बैकुंठपुर जनपद पंचायत की पूरी टीम के साथ समीक्षा बैठक कर योजनाओं की प्रगति का आंकलन किया। ग्राम पंचायत वार समीक्षा करते हुए उन्होने आवश्यक प्रगति के लिए ग्राम पंचायतों के प्रभारी तकनीकी सहायकों, ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए साथ ही कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरतने वाले तकनीकी सहायक, तीन ग्राम पंचायत सचिव और और चार ग्राम रोजगार सहायकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान पंचायत की उपसंचालक सुश्री कुसुम, जनपद पंचायत के सीईओ तथा सभी योजनाओं के प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक के दौरान जिला पंचायत सीईओ योगेन्द्र श्रीवास ने कलेक्टर कोरिया श्रीमती रोक्तिमा यादव के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत में अत्यंत वंचित वर्ग के हितग्राहियो के लिए प्रधानमंत्री मुफ्त बिजली योजना की प्रगति पर बात की। उन्होने सोलर दीदियों के कार्यों की समीक्षा करते हुए हितग्राहियों के चयन तथा दस्तावेजीकरण पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए।



बैकुंठपुर-चोटिया मार्ग के लिए 20.41 करोड़ रुपए स्वीकृत

बैकुण्ठपुर। कोरिया जिले में सड़क अधोसंरचना के विकास की दिशा में बैकुंठपुर से चोटिया मार्ग के निर्माण के लिए राज्य शासन ने 20 करोड़ 41 लाख 61 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है।

- 12 .80 किलोमीटर सड़क का दो लेन एवं पक्के शोल्डर सहित होगा निर्माण

इस राशि से 12.80 किलोमीटर लंबी सड़क का दो लेन एवं पेव्ड शोल्डर अर्थात सड़क के दोनों ओर पक्के किनारों सहित निर्माण किया जाएगा। छ.ग. शासन के लोक निर्माण विभाग ने 21 अक्टूबर 2026 को इस संबंध में आदेश जारी किया है। यह कार्य वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में शामिल है। वित्त विभाग की सहमति के आधार पर निर्माण कार्य को निर्धारित शर्तों के साथ मंजूरी दी गई है। बैकुंठपुर-चोटिया मार्ग के निर्माण से क्षेत्र में आवागमन की सुविधा बेहतर होने की उम्मीद है। दो लेन सड़क और पक्के किनारे बनने से वाहनों की आवाजाही अधिक सुगम हो सकेगी। आदेश के अनुसार, सक्षम अधिकारी से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त करने के बाद ही निविदा आमंत्रित की जाएगी।

पीएम-किसान सम्मान निधि की 24वीं किस्त जारी

कोरिया के 31637 किसानों के बैंक खाते में 6.36 करोड़ अंतरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

दीपावली से पहले प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त जारी होने से किसानों को आर्थिक सहायता मिली है।

- दीपावली से पहले किसानों को सौगात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को गुजरात के बनासकांठा से पात्र किसानों के बैंक खातों में राशि अंतरित की। इस अवसर पर पीएम-किसान उत्सव दिवस मनाया गया। कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव के मार्गदर्शन में कोरिया जिले के कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, बड़ी संख्या में हितग्राही किसान तथा कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी लाइव वेबकास्ट के माध्यम से मुख्य कार्यक्रम से जुड़े। कृषि विभाग के उप संचालक राजेश भारती ने बताया कि कोरिया जिले के 31,637 किसानों के बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से 6.36 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की गई। इससे पहले योजना की 23वीं किस्त के अंतर्गत जिले के 32,870 किसानों को 6.37 करोड़ रुपए का लाभ मिला था। सम्मान निधि मिलने पर किसानों ने राशि के उपयोग की अपनी प्राथमिकताएं साझा कीं।



एमसीबी के 27,977 किसानों को मिले 5.62 करोड़ रूपए

मनेन्द्रगढ़। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत जिले के किसानों को एक बार फिर आर्थिक सहायता का लाभ मिला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आज गुजरात राज्य के बनासकांठा में आयोजित कार्यक्रम से योजना की 24वीं किस्त जारी की गई। इस अवसर पर देशभर के पात्र किसान परिवारों के बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से 2-2 हजार रुपये की राशि अंतरित की गई। योजना के तहत जिला एमसीबी के 27,977 पात्र किसानों के बैंक खातों में कुल 5 करोड़ 62 लाख रूपए की राशि अंतरित की गई है। उप संचालक कृषि ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत पात्र किसान परिवारों को प्रतिवर्ष 6 हजार रूपए की आर्थिक सहायता तीन समान किस्तों में प्रदान की जाती है। प्रत्येक किस्त में 2 हजार रूपए की राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में अंतरित की जाती है। इस सहायता राशि का उपयोग किसान बीज, खाद, उर्वरक, कीटनाशक एवं अन्य आवश्यक कृषि सामग्री की खरीदी में कर सकते हैं। कृषि विभाग द्वारा जिले के सभी किसान भाइयों एवं बहनों से अपील की गई है कि वे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत अपना पंजीयन, ई-केवाईसी, आधार से बैंक खाते की लिंकिंग तथा भूमि संबंधी अभिलेखों की स्थिति अनिवार्य रूप से जांच लें। इन प्रक्रियाओं के पूर्ण होने से पात्र किसानों को योजना की आगामी किस्तों का लाभ प्राप्त करने में अनावश्यक परेशानी नहीं होगी। विभाग ने बताया कि जिन किसानों के बैंक खातों में किस्त की राशि प्राप्त नहीं हुई है, वे पीएम-किसान के आधिकारिक पोर्टल पर उपलब्ध विकल्प के माध्यम से अपने भुगतान की स्थिति की जांच कर सकते हैं।



CREDAI
CREDAI CELEBRATES BILASPUR

CREDAI
प्रॉपर्टी एक्सपो का
भव्य शुभारंभ

CREDAI BILASPUR
PROPERTY EXPO 2026

रजिस्ट्री पर
50%
की भारी छूट

31 अक्टूबर एवं
01 02 नवंबर 2026

Kundan Palace
Shrikant Verma Marg

KIDS PLAY ZONE

FOOD ZONE

Presented by
DCT REAL ESTATE DEVELOPERS

40+
TRUSTED BUILDERS

50+
RESIDENTIAL & COMMERCIAL PROPERTIES

* T&C Apply



Powered by ORA MAKERS — Own your real asset.
Co-powered by ACM Readymix
Co-powered by AQUAPLAST
Co-powered by FORTUNE ELEMENTS BILASPUR
Bathing & Lighting Partner Jaquar GROUP complete bathroom & lighting solutions
Banking Partner SBI

PARTICIPATING MEMBERS

ARPA GREENS ROYAL — VRINDAVAN BUILDCON
SOLITAIRE — Rarity isn't built. It's sculpted
Vijaya श्री Heritage
AADHARSHILA BUILDERS PVT. LTD.
Aashiyana
FORTUNE CITY
DHEERAA SKYLLA — DREAM BIG, LIVE WELL
DIVINE HEIGHTS
Amba Green — CELEBRATING LIFE
SWARNIMA ERA — Add more to life
ASA
S. K. BUILDERS & COLONIZERS
SHRI GANESH ORCHID
HARSH PROJECTS — Rise with us... S.K. BUILDERS & DEVELOPERS
RAJ CONSTRUCTION
Sunflower Housing Pvt. Ltd.
Diwan Construction (A Vidhani Group Venture)
Anant Greens
bda BDA GROUP
vision vistara — REAL ESTATE, REDEFINED
NIRVANA HOMES — SIGNATURE VILLA PLOTS
KD CONSTRUCTION
GK Meghanamlam
ALASKA HOMES — Top of Nature
UB WORLD
USHA VALLEY
POOJA RESIDENCY
CLASSIC GROUP
ATLANTIC IMPERIAL TOWER
CITYWALK — ONE WALK BRINGS IT ALL
DRS High Street
SHREE SHIDDHIVINAYAK INFRA BUILD SSV
AMBIENCE NATURE — LIMITED EDITION PLOTS & VILLAS
GK GROUP
AVIRAL DEVELOPERS
बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
360 CONSTRUCTION SOLUTION
BHANLAXMI ACP WORKS
समृद्धि sanskriti GREENS

CALL FOR ENQUIRY: +91 7898032660, 9770770000

Concept & Design @ AdPRAYAS

खबर संक्षेप



पटवारियों का अनिश्चितकालीन हड़ताल 17वें दिन भी रहा जारी

बलरामपुर। जिला मुख्यालय में पटवारी की हड़ताल 17वे दिन भी जारी रही, तहसील के पटवारी संघ पुराने हाट बाजार परिसर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हुए हैं। संघ का कहना है कि जब तक सरकार हमारी मांगे पूरा नहीं करती तब तक हम लोग हड़ताल पर बैठे रहेंगे। हड़ताल पर बैठे हुए पटवारी सत्य जीवन रवि ने बताया कि टीवी एप से संबंधित प्रमुख समस्याएं एवं कठिनाइयां सहित विभिन्न मांगों को लेकर के हम लोग अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। मुख्य रूप से प्रमुख मांगे वरिष्ठता के आधार पर प्रमोशन, वेतन विसंगति दूर करना, पीवी ऐप से संबंधित समस्याओं में समाधान, पटवारी से संवाद की वजह सीधे कार्रवाई नहीं करना, पटवारी की पूर्व समस्या के अनदेखी के अलावा उन्होंने बताया कि पीवी ऐप में कई कमियां है। वास्तविक भू भाग की स्पष्ट पहचान और बिना खातेदार के करना कठिन है, सही हिस्से में लगी फसल का सत्यापन बिना किसान के करना कठिन है, गलत प्रविष्टि होने पर किसान और पटवारी के बीच विवाद की स्थिति बन सकती है। टीवी एप की प्रक्रिया में प्राप्त समय लग सकता है समय किसानों की उपयोगिता पर ही निर्भर करता है। स्पष्ट भूमि सीमा एवं सही खातेदार की जानकारी बिना सत्यापन करना कठिन है इसलिए इसमें सुधार करना आवश्यक है। पटवारी का अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से तहसील संबंधित काम और हाल ही में होने वाले किसान के धान खरीदी संबंधित कार्य ठप पड़े हुए हैं। प्रशासन के तरफ से किसी प्रकार की वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई है। इसके अलावा जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र बनवाने के लिए पटवारी प्रतिवेदन के छात्र छात्राओं की जरूरत पड़ रही है जिससे किसान, छात्र-छात्राएं और नागरिक परेशान है। समय रहते प्रशासन और पटवारी के बीच समन्वय स्थापित नहीं होगा तो आने वाले दिनों में बड़ी समस्या उत्पन्न हो सकती है। इस दौरान तहसील अध्यक्ष सुरभि दास, अंकित गुप्ता, नारायण सिंह, सत्य जीवन रवि, हामिद रजा, देवेंद्र विश्वकर्मा, सुनेश्वर सिंह, विमलेश सिंह, मंजरी कुर्रे, अवधेश यादव, सैमसंग कुजूर, सौरभ बघेल, अमित श्रीवास्तव सहित अन्य पटवारी उपस्थित रहे।

अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की गई जान

अम्बिकापुर। अलग अलग सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई। एक मृतक की पहचान नही होने शव को शिनाख्त के लिए मरच्चूरी कक्ष में रखा गया है। एक मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार उदयपुर बेलढ़ाब पुटा निवासी मिथलेश दास आ. नईहर दास (22 वर्ष) गत दिन परिजन को दोस्तों के साथ जजगा मंदिर जाने की बात कहकर बाइक से निकला था। रात करीब 8 बजे पड़ोसी मंगलदास से फोन कर बताया कि जजगी पेट्रोल पंप और मंदिर के बीच मिथलेश का एक्सीडेंट होने की बात परिजन को बताई। घटना की जानकारी लगने पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल युवक को उदयपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। दूसरी घटना में शहर से लगे लुचकी घाट के समीप अज्ञात वाहन के चालक ने 50 वर्षीय ग्रामीण को टक्कर मार दी। मार्ग से गुजर रहे लोगों ने संजीवनी 108 को सूचना दी। सूचना पर संजीवनी 108 के कर्मचारियों ने घायल को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आपातकालीन कक्ष में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने जांच उपरांत घायल को मृत घोषित कर दिया। मृतक के साथ कोई परिजन नहीं होने पर पुलिस ने मृतक की पहचान के लिए शव को अस्पताल के मरच्चूरी कक्ष में रखा है।

सड़क में पानी भरे गड्ढे की चपेट में आकर श्रेसर हुआ दुर्घटनाग्रस्त, बाल बाल बचे लोग

सीतापुर। अर्नब चक्रवात की वजह से होने वाली बारिश के कारण पानी से लबालब सड़क के गड्ढे की चपेट में आकर श्रेसर मशीन दुर्घटनाग्रस्त होकर पलट गई। गनीमत रही कि इस घटना के दौरान पानी की वजह से सड़क पर लोगों का आवाजाही कम थी अन्यथा अनहोनी हो सकती थी। बीच सड़क पर श्रेसर के पलटने की वजह से कुछ देर के लिए आवागमन बाधित हो गया था। जिसे बड़ी मशक्कत के बाद एक किनारे करते हुए सड़क पर आवागमन बहाल कराया गया। विदित हो कि अर्नब चक्रवात के प्रभाव की वजह से होने वाली बारिश के कारण नगर से होकर गुजरने वाली नेशनल हाईवे की सड़क पर निर्मित गड्ढे पानी से लबालब हो गये है। शाम 6 बजे करीब श्रेसर लेकर जा रही पिकप वाहन गड्ढे की चपेट में आ गया और बजाज ऑटो सेंटर के सामने श्रेसर दुर्घटनाग्रस्त होकर बीच सड़क पर पलट गई। जिसकी वजह से सड़क पर कुछ देर के लिए जाम की स्थिति बन गई थी जिसे श्रेसर एक किनारे कर दूर कर दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इस घटना से पहले एक मालवाहक पिकअप भी पानी से लबालब गड्ढे की चपेट में आकर दुर्घटनाग्रस्त होने से बच गया था। दरअसल बजाज ऑटो के सामने पानी निकासी के अभाव के कारण बारिश का पानी सड़क पर निर्मित गड्ढों में जमा हो जाता है।

मुख्यमंत्री ने जन्मशताब्दी पर उनकी आदमकद प्रतिमा का किया अनावरण, वर्चुअल रूप से हुए शामिल

बाबा कार्तिक उरांव ने जनजातीय समाज को अपनी परंपराओं, संस्कृति और मूल पहचान के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया : साय



प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम में शामिल मंत्री, महापौर व अन्य जनप्रतिनिधि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बाबा कार्तिक उराव के जन्म दिवस पर शहर में प्रदेश के पहले कार्तिक उरांव चौक का उदघाटन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय वर्चुअल रूप से शामिल हुए जबकि प्रदेश के कैबिनेट मंत्री, सांसद, विधायक व समाज के लोगों ने कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान सीएम ने वर्चुअल रूप से बाबा कार्तिक उराव की आदम कद प्रतिमा का अनावरण करने के साथ ही शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय डिगमा का नामकरण अभियंता बाबा कार्तिक उरांव छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी करने की महत्वपूर्ण घोषणा की। सीएम श्री साय ने बाबा कार्तिक उरांव की जन्मशताब्दी पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि बाबा कार्तिक उरांव का मानना था कि जनजातीय समाज की समृद्ध परम्पराएं, रीति-रिवाज और सांस्कृतिक विरासत उसकी मूल पहचान हैं।

खास बात

- इंजीनियरिंग कॉलेज अब बाबा कार्तिक उरांव के नाम से जाना जाएगा, सीएम ने की घोषणा

इनका संरक्षण करते हुए समाज को शिक्षा, तकनीक और आधुनिक विकास के अवसरों से जोड़ना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बाबा कार्तिक उरांव के विचार आज भी प्रासंगिक हैं और जनजातीय समाज के सर्वांगीण विकास की दिशा में हमारा मार्गदर्शन करते हैं। बाबा कार्तिक उरांव ने धर्मांतरण के बाद जनजातीय आरक्षण एवं अन्य संवैधानिक सुविधाओं के लाभ से जुड़े विषयों को भी संसद में प्रमुखता से उठाया था। बाबा कार्तिक उरांव ने जनजातीय समाज को अपनी परंपराओं, संस्कृति और मूल पहचान के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। जनजातीय विकास मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि बाबा कार्तिक उरांव जनजातीय समाज के महान जननायक, प्रखर विचारक और दूरदर्शी नेतृत्वकर्ता थे। कार्तिक उरांव ने जनजातीय समाज को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने के साथ शिक्षा और संगठन की शक्ति का महत्व समझाया। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि बाबा कार्तिक उरांव ने अपना संपूर्ण जीवन जनजातीय समाज के उत्थान और अधिकारों के संरक्षण के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और जनजातीय समुदाय की सांस्कृतिक पहचान को सुदृढ़ बनाने के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि बाबा कार्तिक उरांव ने शिक्षा की शक्ति से जनजातीय समाज में नई चेतना का संचार किया। उन्होंने सरगुजा अंचल सहित पूरे जनजातीय समाज को शिक्षा, संगठन, सामाजिक जागरूकता और सांस्कृतिक संरक्षण का संदेश दिया। सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि बाबा कार्तिक उरांव ऐसे महान जननायक थे, जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन जनजातीय समाज के सम्मान, अधिकारों और विकास के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने के साथ जनजातीय समाज के हितों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावशाली ढंग से उठाया। महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने कहा कि बाबा कार्तिक उरांव का जीवन शिक्षा, संघर्ष, सामाजिक चेतना और जनजातीय समाज के स्वाभिमान की प्रेरक गाथा है। उनके आदर्श आने वाली पीढ़ियों को शिक्षा के माध्यम से आगे बढ़ने और समाज तथा राष्ट्र की सेवा करने की प्रेरणा देते रहेंगे। इस दौरान सामरी विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैंकरा, ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, अभा वनवासी कल्याण आश्रम के अध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह, संभागायुक्त नरेन्द्र कुमार दुग्गा, आईजी दीपक कुमार झा, कलेक्टर अजीत वसंत, एसएसपी राजेश अग्रवाल, उरांव समाज के अध्यक्ष आजाद भगत एवं समाज के प्रतिनिधि, स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

इंजीनियरिंग महाविद्यालय का नामकरण नई पीढ़ी के लिए बनेगा प्रेरणास्रोत

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बाबा कार्तिक उरांव की जन्मशताब्दी के अवसर पर जनजातीय समाज और क्षेत्रीय सांसद द्वारा शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय डिगमा का नाम उनके नाम पर रखने का आग्रह किया गया है। जनजातीय समाज की भावनाओं और बाबा कार्तिक उरांव के ऐतिहासिक योगदान का सम्मान करते हुए राज्य सरकार ने इस आग्रह को स्वीकार किया है। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि अब शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय डिगमा अभियंता बाबा कार्तिक उरांव छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के नाम से जाना जाएगा। उन्होंने कहा कि बाबा कार्तिक उरांव स्वयं एक प्रतिभाशाली अभियंता थे। इसलिए उनके नाम पर इंजीनियरिंग संस्थान का नामकरण विशेष महत्व रखता है। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश भर से समाज के लोग शामिल हुए। भारी बारिश के बीच समाज के लोगों में भारी उत्साह देखने को मिला।

जनजातीय महापुरुषों की विरासत को चिरस्थायी बनाने प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री श्री साय ने बाबा कार्तिक उरांव की भव्य आदमकद प्रतिमा के अनावरण पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि एक वर्ष पूर्व इस प्रतिमा की स्थापना के लिए भूमिपूजन किया गया था और आज यह संकल्प साकार हो रहा है। उन्होंने इस कार्य के लिए अंबिकापुर नगर निगम की महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों तथा नगरवासियों के प्रयासों की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे जनजातीय महापुरुषों ने समाज को जागरूक करने, सांस्कृतिक विरासत की रक्षा करने और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके जीवन और संघर्ष की गाथाएं नई पीढ़ी तक पहुंचाना हम सभी का दायित्व है।

एनएच 43 पर सोनतराई से सूर तक फोर लेन सड़क निर्माण का शिलान्यास





अंबिकापुर/सीतापुर। सीएम विष्णु देव साय ने गुरुवार को वर्चुअल माध्यम से जिले के सीतापुर शहरी क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर 28.41 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाली फोरलेन सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। वन टाइम इम्प्रूवमेंट के अंतर्गत सोनतराई से सूर तक 3.82 किलोमीटर लंबाई में सड़क का चौड़ीकरण किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान सीएम श्री साय ने कहा कि सड़कें विकास की महत्वपूर्ण आधारशिला हैं।

- 28.41 करोड़ रूपए की लागत से किया जाएगा 3.82 किलोमीटर सड़क का निर्माण

सीतापुर शहरी क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-43 के चौड़ीकरण से यातायात व्यवस्था अधिक सुगम होगी तथा स्थानीय नागरिकों के साथ ही इस मार्ग से गुजरने वाले यात्रियों को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि सड़क अधोसंरचना का विकास आम जनता की सुविधा और क्षेत्र की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान विधायक रामकुमार टोप्पो ने कहा कि लंबे समय बाद मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा सीतापुर को यह महत्वपूर्ण सौगात मिली है। फोरलेन सड़क निर्माण से सीतापुर में विकास की प्रक्रिया को गति मिलेगी और क्षेत्र के लोगों को आवागमन में बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी। बता दें कि एनएच 43 के किमी 433.850 से किमी 437.670 तक सोनतराई से सूर तक कुल 3.82 किलोमीटर सड़क का चौड़ीकरण किया जाएगा। परियोजना के तहत सड़क के दोनों ओर 7-7 मीटर चौड़ाई में डामरीकृत सड़क का निर्माण किया जाएगा। सड़क के बीच में डिवाइडर बनाया जाएगा। इसके साथ ही पूरी लंबाई में दोनों ओर नाली निर्माण और स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था भी की जाएगी।

इन निर्माण कार्यों से सड़क की क्षमता में वृद्धि होगी और यातायात को व्यवस्थित करने में मदद मिलेगी। नालियों के निर्माण से जल निकासी की सुविधा बेहतर होगी, वहीं स्ट्रीट लाइट लगने से रात्रिकालीन आवागमन अधिक सुविधाजनक बनाने में सहायता मिलेगी।

पुलिस अधिकारियों और जवानों को मिलेंगी बेहतर आवासीय सुविधा

मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन द्वारा नवनिर्मित महिला एनजीओ मेस भवन, उदयपुर में 12 अराजपत्रित अधिकारी आवास एवं 12 प्रधान आरक्षक तथा आरक्षक आवास और थाना सीतापुर में 12 प्रधान आरक्षक तथा आरक्षक आवासीय भवनों का लोकार्पण भी किया। विभिन्न भवनों के लोकार्पण पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश की कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने में पुलिस अधिकारियों और जवानों की महत्वपूर्ण भूमिका है। वे कठिन परिस्थितियों में भी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस बल को बेहतर कार्य वातावरण और आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। इसी उद्देश्य से पुलिस विभाग की आवासीय एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन सुविधाओं से पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को बेहतर आवासीय वातावरण मिलेगा तथा वे और अधिक उत्साह एवं मनोबल के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकेंगे।

छग शासन की सहायक वाचन पुस्तकों के लेखन में मल्लिका का उल्लेखनीय योगदान

डोमनहिल। शिक्षा के क्षेत्र में अपनी बुलंद उपस्थिति दर्ज करते हुए अब कोयलांचल शहर चिरमिरी भी अपनी अमिट छाप दर्ज कर रहा है। गौरतलब है कि प्रदेश के पाठ्यक्रम निर्धारित करने वाली संस्था छ.ग. राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद ने कक्षा तीसरी से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए सहायक वाचन नामक पुस्तक श्रृंखला की पाठ्यपुस्तकें तैयार की है। इन पुस्तकों के लेखन में साहित्यकार एवं डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, चिरमिरी की हिंदी शिक्षिका श्रीमती मल्लिका रुद्रा का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है।



यह पुस्तकें पूरे छ.ग. के सरकारी संस्थानों के विद्यार्थियों द्वारा पढ़ी जा रही हैं। इन पुस्तकों का उद्देश्य विद्यार्थियों में भाषागत दक्षता का विकास करना, उन्हें लोक संस्कृति से जोड़ना और नैतिक मूल्यों की शिक्षा देना है। पुस्तकें सरल भाषा में लिखी गई हैं ताकि बच्चे स्वयं पढ़ सकें, समझ सकें और अपने विचारों को अभिव्यक्त कर सकें। पाठों में सहज भाषा और समृद्ध शब्दावली का प्रयोग हुआ है। लोक जीवन, परंपरा और छत्तीसगढ़ी संस्कृति को पाठों में समाहित किया गया है। विद्यार्थियों को स्वयं पढ़ने और लिखने की आदत डालने पर बल दिया गया है। कहानियों, कविताओं और संवादों के माध्यम से नैतिक शिक्षा और संवेदनाओं का विकास होगा। मूल्यांकन के लिए खुले प्रश्न दिए गए हैं, जिससे बच्चों में आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति कौशल का विकास हो सके। लेखन समूह में इनके साथ-साथ बलदाऊ राम साहू, विनय शरण सिंह, श्याम नारायण श्रीवास्तव, पोखन लाल जायसवाल, द्रोण साहू एवं श्रीमती प्रिया जोशी ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। चिरमिरी शिक्षा जगत के लिये एक नई भूमिका तैयार कर रहीं श्रीमती मल्लिका रुद्रा के साहित्यिक अनुभव और शिक्षण कौशल ने पुस्तकों को बच्चों के लिए और अधिक रोचक एवं उपयोगी बनाया। उनकी लेखनी ने, न केवल भाषा को सहज बनाया बल्कि बच्चों के लिए सीखने को आनंददायक भी कर दिया। एस.सी.ई.आर.टी. रायपुर का यह प्रयास नई शिक्षा नीति के अनुरूप है, जिसमें स्थानीय परिवेश, संस्कृति और जीवन मूल्यों को शिक्षा से जोड़ने पर बल दिया गया है। इस दिशा में श्रीमती रुद्रा का योगदान शिक्षा जगत के लिए प्रेरणादायी है।

विकसित भारत युवा संसद के तहत जिला स्तरीय प्रतियोगिता आज

बैकुण्ठपुर। छत्तीसगढ़ मेरा युवा भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2027 के अंतर्गत विकसित भारत युवा संसद 2027 की जिला स्तरीय चैंपियनशिप का आयोजन 31 अक्टूबर को मानसभवन बैकुंठपुर में प्रातः 10 बजे किया जाएगा। प्रतियोगिता का विषय एक राष्ट्र, एक चुनाव निर्धारित किया गया है।

इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर अपने विचार व्यक्त करने के लिए मंच प्रदान करना तथा उनमें लोकतांत्रिक चेतना, संवैधानिक मूल्यों, तार्किक चिंतन, संवाद कौशल एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। यह पहल विकसित भारत 2047 के संकल्प के अनुरूप युवाओं को राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। युवा संसद के माध्यम से प्रतिभागियों को देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था, चुनावी प्रक्रियाओं तथा समसामयिक राष्ट्रीय मुद्दों पर अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता में 18 से 25 वर्ष की आयु के युवा भाग लेने के पात्र होंगे। आयु की गणना निर्धारित कट-ऑफ तिथि 17 अगस्त 2026 के अनुसार की जाएगी। प्रतिभागियों को एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करने के लिए तीन मिनट का समय दिया जाएगा। प्रतिभागी निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार हिंदी, अंग्रेजी सहित अनुमत भाषाओं में अपना भाषण प्रस्तुत कर सकेंगे। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों का मूल्यांकन विषय-वस्तु की प्रासंगिकता, भाषण की स्पष्टता एवं संरचना, मौखिक संप्रेषण, शारीरिक हाव-भाव, नवाचार एवं रचनात्मकता, भाषा एवं प्रवाह तथा निर्धारित समय-सीमा के पालन जैसे मानदंडों के आधार पर किया जाएगा। जिला स्तरीय चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शीर्ष तीन प्रतिभागियों का चयन राज्य स्तरीय चैंपियनशिप के लिए किया जाएगा। राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त होगा।

सड़क चौड़ीकरण पर प्रशासन और प्रभावित परिवारों के बीच हुई चर्चा

बैकुण्ठपुर। खरवत चौक से जमगहना स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-43 के फोरलेन मार्ग तक प्रस्तावित 13 किलोमीटर लंबी सड़क के चौड़ीकरण को लेकर शुक्रवार को कलेक्टर रोक्तिमा यादव की अध्यक्षता में प्रशासन, प्रभावित परिवारों और व्यवसायियों के बीच बैठक आयोजित की गई। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हुई बैठक में प्रभावित परिवारों और व्यापारियों ने सड़क चौड़ीकरण को लेकर अपने सुझाव और पक्ष रखे।बैठक में बताया गया कि स्वीकृत सड़क निर्माण परियोजना के तहत मार्ग का 9 मीटर चौड़ीकरण प्रस्तावित है। इस दौरान कुछ लोगों ने सड़क की चौड़ाई 7 मीटर तक सीमित रखने का सुझाव दिया, वहीं व्यापारी संघ के अधिकांश सदस्यों ने 9 मीटर चौड़ीकरण के प्रस्ताव पर सहमति जताई।चर्चा के दौरान 9 मीटर चौड़ी सड़क के निर्माण से नाली, शोल्डर और रोड डिवाइडर के लिए पर्याप्त जगह उपलब्ध होने के साथ भविष्य की यातायात जरूरतों को पूरा करने की बात कही गई। इससे स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों और मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों को आवागमन में सुविधा मिलने की उम्मीद जताई गई।निविदा प्रक्रिया जारी, फिर होगी बैठकबैठक में अधिकारियों ने जानकारी दी कि सड़क चौड़ीकरण कार्य के लिए निविदा प्रक्रिया जारी है। वहीं, प्रभावित परिवारों और व्यापारियों के सुझावों पर आगे भी चर्चा करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए दीपावली के बाद प्रभावित परिवारों, व्यापारी संघों और प्रशासन के बीच दोबारा बैठक आयोजित की जाएगी।

- 9 मीटर चौड़ी सड़क बनाने के पक्ष में व्यापारी संघ, दीपावली के बाद फिर होगी बैठक

स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, आजीविका और महिला सशक्तीकरण से जुड़ी गतिविधियों का किया निरीक्षण

भौतिक सत्यापन के लिए राष्ट्रीय टीम ने किया खड़गवां

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

महिला हितैषी ग्राम पंचायत थीम के अंतर्गत राष्ट्रीय टीम ने ग्राम पंचायत खड़गवां का दौरा कर विभिन्न गतिविधियों का भौतिक सत्यापन किया। इस दौरान टीम ने महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, आजीविका, सामाजिक भागीदारी एवं आर्थिक स्वावलंबन से संबंधित व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर जमीनी स्थिति का जायजा लिया।

भ्रमण की शुरूआत ग्राम पंचायत खड़गवां के बैठक कक्ष में आयोजित बैठक से हुई। बैठक में पंच, सरपंच, महिला स्व-सहायता समूहों की सदस्य, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्वास्थ्य मितानिन एवं संबंधित विभागों के प्रमुख उपस्थित रहे। इस दौरान महिला हितैषी ग्राम पंचायत की अवधारणा, उसके क्रियान्वयन तथा महिलाओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली गई। इसके बाद राष्ट्रीय टीम ने अटल डिजिटल सेवा केंद्र का निरीक्षण किया। यहां केंद्र की प्रभारी श्रीमती रीना गुप्ता से चर्चा कर अभिलेखों का अवलोकन किया गया तथा लोक सेवा केंद्र के माध्यम से महिलाओं को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की जानकारी प्राप्त की गई। टीम ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खड़गवां का भी निरीक्षण किया। यहां बालिकाओं के टीकाकरण, महिला प्रसव कक्ष एवं महिला वार्ड का अवलोकन कर महिलाओं को मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली गई। इसके पश्चात पोषण पुनर्वास केंद्र का भ्रमण कर कुपोषित बच्चों एवं उनकी माताओं से स्वास्थ्य, पोषण और देखभाल से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन एवं आजीविका गतिविधियों का जायजा लेने के लिए टीम ने साक्षर भारत स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष श्रीमती अज्जुन्निशा के सिलाई केंद्र का निरीक्षण किया।



वहीं, राधा स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष श्रीमती शफीला एवं समूह की अन्य सदस्यों से रेडीमेड कपड़ों की दुकान के संचालन, स्वरोजगार तथा ऋण की समय पर अदायगी के संबंध में जानकारी ली गई। भ्रमण के अंतिम चरण में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खड़गवां एवं स्वामी आत्मानंद विद्यालय का दौरा किया गया। यहां विद्यालयों के प्राचार्यों से चर्चा कर बाल सभा के आयोजन, बच्चों की सहभागिता तथा बाल हितैषी गतिविधियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई।

सेमरसोत पाड़ी जंगल में अनियंत्रित होकर पलटी बस, युवती घायल

बलरामपुर। गुरूवार की शाम उस समय सेमरसोत पाड़ी जंगल में अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब बलरामपुर से यात्री लेकर अम्बिकापुर जा रही यात्री बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। दुर्घटना में सवार तीन दर्जन से अधिक लोगों को मामूली चोटें आई वहीं एक युवती के घायल हो जाने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार बलरामपुर से लगभग 4:30 बजे बर्फानी बस क्रमांक एमपी 09 एफए 6511से सवारियों को लेकर के अंबिकापुर के लिए रवाना हुई। जैसे ही यात्री बस पाड़ी और सेमरसोत जंगल के बीच में पहुंची तभी सामने से आ रहे हैं।

16 वर्षों से आपकी सेवा में

श्री खाटू श्याम ज्योतिष



जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष सामाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान-संतान योग
- दुकान, बच्चों के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण



ज्योतिष के माध्यम से जीवन की सही दिशा

समस्याएँ चाहे कितनी भी बड़ी क्यों न हों,
समाधान हमेशा संभव है...

मनमोहनी स्पेशलिष्ट

जन्मकुण्डली विशेषज्ञ
पं.रविकांत शर्मा
पं.एस.के. शास्त्री



खाटू श्याम जी की असीम कृपा से
"हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना
जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान














क्यों चुनें हमें ?

- 16 वर्षों का अनुभव
- सटीक एवं सरल समाधान
- गोपनीयता की पूर्ण गारंटी
- व्यक्तिगत मार्गदर्शन
- श्रद्धा और विश्वास पर आधारित सेवा

ऑफिस आने पर मात्र ₹101

PAYMENT QR CODE

फोन से परामर्श मात्र ₹251

हमारी प्रमुख सेवाएं

- **जन्म कुंडली विश्लेषण** — व्यक्तित्व, करियर, विवाह, संतान
- **वैवाहिक जीवन** — विवाह में आ रही बाधाएँ, वैवाहिक सुख
- **करियर एवं व्यवसाय** — नौकरी, व्यापार, विदेश योग
- **धन एवं समृद्धि** — आर्थिक स्थिति, निवेश, लाभ
- **संतान योग** — संतान प्राप्त, संतान सुख
- **वास्तु शास्त्र** — घर, दुकान, ऑफिस की ऊर्जा
- **हस्तरेखा विज्ञान** — जीवन की संभावनाएँ, भविष्य संकेत
- **प्रश्न कुंडली** — तत्काल समाधान, सही दिशा

बुकिंग के लिए संपर्क करें:
+91 747 067 4060

पोलसाय पारा चौक,
स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

संपर्क सूत्र:- पं. रविकांत शर्मा एवं
पं. एस. के शास्त्री: +91 9755964567

नोट : मिलने के लिए अपॉईंटमेंट लेना आवश्यक है। असुविधा से बचने के लिए अपॉईंटमेंट लेकर ही मिलें। | Follow us on: shree_khatushyam_jyotish | हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।